भारत सरकार
नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 3799
गुरुवार, दिनांक 18 मार्च, 2021 को उत्तर दिए जाने हेतु

राष्ट्रीय हाइड्रोजन मिशन

3799. श्री श्रीधर कोटागिरिः
श्री पोचा ब्रह्मानंद रेड्डीः
श्री एन. रेड्डप्पः
श्री बेल्लाना चन्द्रशेखरः
श्रीमती चिंता अनुराधाः क्या नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने राष्ट्रीय हाइड्रोजन मिशन की शुरुआत की है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या उक्त मिशन भारत को मूल्य श्रृंखला में हाइड्रोजन ईंधन सेल प्रौद्योगिकियों के निर्माण के लिए एक वैश्विक केन्द्र बनने में मदद करेगा और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या इस क्षेत्र में निवेश करने वाली कंपनियों के लिए सरकार द्वारा कोई प्रोत्साहन और कर लाभ प्रस्तावित किए गए हैं; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा, विद्युत राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्य मंत्री
(श्री आर.के. सिंह)

(क) से (ङ): भारत के वित्त मंत्री ने दिनांक 1 फरवरी, 2021 को अपने बजट भाषण में यह घोषणा की थी कि हरित विद्युत स्रोतों से हाइड्रोजन का उत्पादन करने के लिए वर्ष 2021-22 में एक हाइड्रोजन ऊर्जा मिशन शुरू करने का प्रस्ताव किया गया था। नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय राष्ट्रीय हाइड्रोजन ऊर्जा मिशन तैयार करने पर काम कर रहा है। मिशन में अत्याधुनिक हाइड्रोजन और ईंधन सेल प्रौद्योगिकियों का उपयोग कर भारत को निर्माण के लिए एक वैश्विक हब के रूप में विकसित करने के उपायों को शामिल किए जाने की संभावना है।

*****